# प्राणि-विज्ञान / ZOOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : **Three** Hours | अधिकतम अंक : **250**<br>Maximum Marks : **250** |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ (8)** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*जहाँ भी आवश्यक समझा जाए, वहाँ अपने उत्तरों को उपयुक्त रेखाचित्रों एवं आरेखों सहित स्पष्ट कीजिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches and diagrams, wherever considered necessary.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) मुख्य एवं गौण संघों में विभेद कीजिए । किसी एक गौण संघ के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

Differentiate between major and minor phyla. Describe the salient features of any one minor phylum. *10*

(b) कुछ मत्स्य वायु ग्रहण कर सकती हैं । विस्तृत वर्णन कीजिए ।

Some fishes can breathe air. Elaborate. *10*

(c) कीटों में कायांतरण के प्रकार एवं उनके हॉर्मोनीय नियमन की व्याख्या कीजिए ।

Explain the types of metamorphosis in insects and their hormonal regulation. *10*

(d) अंड निक्षेपण करने वाले एवं कोष्ठधारी स्तनधारियों के सामान्य लक्षण एवं उदाहरण दीजिए ।

Give general features and examples of egg-laying mammals and pouched mammals. *10*

(e) चतुष्पादों के उद्भव की विवेचना कीजिए ।

Discuss the origin of Tetrapods. *10*

**Q2.** (a) क्रस्टेशिया में पाए जाने वाले लार्वा-रूपों का उदाहरणों तथा चित्रों सहित विवरण दीजिए । लार्वों के महत्त्व पर भी टिप्पणी लिखिए ।

Give an account of larval forms in Crustacea with examples and diagrams. Also write a note on the significance of larvae. *20*

(b) नाइडेरिया के प्रतिरक्षा अंग, दंशकोरक की संरचना दीजिए तथा उसकी क्रियाविधि का वर्णन भी कीजिए ।

Give the structure of cnidoblast, the defensive organ in Cnidaria. Also, describe its mechanism of action. *15*

(c) बाइलेटेरिया (द्विपार्श्वक) क्या हैं ? बाइलेटेरिया की उत्पत्ति के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए ।

What are Bilateria ? Explain the theories of origin of Bilateria. *15*

**Q3.** (a) पक्षियों में विभिन्न उड्डयन अनुकूलनों का विस्तृत विवरण दीजिए ।

Give an elaborate account of various flight adaptations in birds. *20*

(b) स्तनधारियों में मिलने वाले दंत-विन्यास के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए ।

Explain various types of dentition in mammals. *15*

(c) मानवों की दृष्टि में तीन नेत्र पटलों (परतों) की भूमिकाओं का वर्णन कीजिए ।

Describe the roles of three eye layers in vision in humans. *15*

**Q4.** (a) सरीसृपों, पक्षियों एवं स्तनधारियों में महाधमनी चापों के विकास के संबंध में एक लेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Give an account of evolution of aortic arches in reptiles, birds and mammals. *20*

(b) मोलस्का में श्वसन की विवेचना उपयुक्त उदाहरण देते हुए कीजिए ।

Discuss respiration in Mollusca indicating suitable examples. *15*

(c) *ब्रैंकिओस्टोमा* के आद्य, अपह्रासित एवं उन्नत अभिलक्षणों की व्याख्या कीजिए । साथ ही इसकी वर्गीकरणी-स्थिति पर भी टिप्पणी कीजिए ।

Explain primitive, degenerate and advanced characters of *Branchiostoma*. Comment on its systematic position. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) 'एफ.आई.एस.एच. (फिश) : सिद्धान्त, कार्यविधि एवं अनुप्रयोग' का वर्णन कीजिए ।

Describe 'FISH : Principle, Procedure and Applications'. *10*

(b) संक्रमिकाएँ क्या हैं ? क्या आर्द्रभूमि संक्रमिकाएँ हैं ? तर्कसंगत विवरण दीजिए ।

What are Ecotones ? Are wetlands ecotones ? Justify. *10*

(c) ऊष्मीय प्रदूषण और उसकी रोकथाम के उपायों की विवेचना कीजिए ।

Discuss Thermal Pollution and its preventive measures. *10*

(d) 'परम्परागत कार्प पालन' से 'संयुक्त कार्प पालन' किस प्रकार अधिक लाभदायक है ?

How is 'Composite Carp Culture' advantageous over 'Traditional Carp Culture' ? *10*

(e) सचेतक (एलार्म) फैलाव में रासायनिक संकेतों की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

Explain the role of chemical signals in alarm spreading. *10*

**Q6.** (a) सामाजिक जीवन के लाभों का उल्लेख कीजिए । साथ ही प्राइमेट्स में विभिन्न प्रकार के सामाजिक पदानुक्रमों का वर्णन कीजिए ।

Mention the advantages of social living. Describe different types of social hierarchies in primates. *20*

(b) आनुवंशिक परामर्श एवं जीन चिकित्सा संबंधी संकल्पना तथा उनके महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

Discuss the concept and importance of genetic counselling and gene therapy. *15*

(c) कला विपर्यासी एवं प्रतिदीप्ति सूक्ष्मदर्शिकी के सिद्धान्तों एवं प्राणि-विज्ञान में इनके अनुप्रयोगों के संबंध में लेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Write about phase contrast and fluorescence microscopy with notes on their principles and applications in Zoology. *15*

**Q7.** (a) जैव सांख्यिकी क्या होती है ? प्राणि-विज्ञान में आँकड़ों के विश्लेषण में सहसंबंध, समाश्रयण एवं एनोवा की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

What is meant by biostatistics ? Explain the role of correlation, regression and ANOVA in data analysis in Zoology. *20*

(b) 'पारितंत्र' शब्द का विस्तार कीजिए एवं उदाहरणों सहित इसके संरचनात्मक घटकों की व्याख्या कीजिए । पोषी गतिकी संकल्पना पर टिप्पणी कीजिए ।

Elaborate the term 'Ecosystem' and explain its structural components with examples. Comment on Trophic Dynamics concept. *15*

(c) द्रुत-अपकेन्द्रित्र के सिद्धान्त, प्रकारों और अनुप्रयोगों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the principle, types and applications of ultracentrifuge. *15*

**Q8.** (a) अंत:स्थलीय जल संसाधनों के संदर्भ में पर्यावरणीय निम्नीकरण की विवेचना कीजिए । हमारी नदियों, झीलों एवं जलाशयों की जल गुणवत्ता को पुन:स्थापित करने के उपायों का सुझाव दीजिए ।

Discuss environmental degradation with regards to inland water resources. Suggest measures to restore the water quality of our rivers, lakes and reservoirs. *20*

(b) जैव-विविधता से क्या अभिप्राय है ? संरक्षित क्षेत्र नेटवर्किंग के संदर्भ में उनकी स्थापना, मॉनीटरन एवं प्रबंधन की व्याख्या कीजिए ।

What is meant by Biodiversity ? Explain Protected Area Networking w.r.t. their establishment, monitoring and management. *15*

(c) द्रुत प्रवाहित जलों में रहने वाले प्राणियों में मिलने वाले अनुकूलनों की व्याख्या कीजिए ।

Explain adaptations of animals inhabiting fast flowing waters. *15*